अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 1 सितंबर 2021
भाद्रपद कृष्ण-दशमी
विक्रम संवत-2078

PAGE NO.: 09 TOP

भगवान कृष्ण ने पूरी कराई 'अर्जुन प्रतिज्ञा'

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा सभागार में 'अर्जुन प्रतिज्ञा' नाटक का मंचन किया गया। असत्य और अत्याचार पर सत्य की जीत का संदेश देते इस नाटक में भगवान कृष्ण ने पांडवों का साथ और जयद्रथ का वध कराकर अर्जुन प्रतिज्ञा पूरी कराई।

महाभारत युद्ध के इस प्रसंग को बरेली के प्रसिद्ध लेखक राधेश्याम कथावाचक ने लिखा था। निर्देशन अंबुज कुकरेती ने दिया। नाटक की शुरुआत महाभारत के युद्ध के दौरान चक्रव्यूह में अभिमन्यु और कौरव महारथियों के बीच हुए युद्ध से होती है। युद्ध की मर्यादा और नियम तोड़ कर जयद्रथ समेत कई महारथी अकेले अभिमन्यु को घेर लेते हैं। भीषण युद्ध में अभिमन्यु वीरगति को प्राप्त होते हैं। जयद्रथ अभिन्यु के शव का अपमान करता है। इस सूचना से टूटे युधिष्ठिर रोते हुए अर्जुन को अवगत कराते हैं। क्रोधित अर्जुन अगले दिन सूर्यास्त से पहले जयद्रथ के वध की प्रतिज्ञा करते हैं। ऐसा न हो पाने पर वह अग्नि स्नान



रिद्धिमा में मंचन करते कलाकार।

कर प्राण त्यागने की घोषणा करते हैं।

अगले दिन युद्ध मैदान पर अर्जुन के जयद्रथ को ढूंढने के तमाम घटनाक्रम को नाटक में प्रदर्शित किया जाता है। इसी बीच भगवान कृष्ण अर्जुन को सूर्यास्त न होने और जयद्रथ के सामने होने की याद दिलाते हैं। तभी अर्जुन अपना गांडीव उठाकर जयद्रथ का वध कर देते हैं।

भगवान कृष्ण की सहायता से जयद्रथ का वध कर अर्जुन की प्रतिज्ञा पूरी होती है। नाटक में पंकज कुकरेती, विनायक श्रीवास्तव, गौरव धीरज, प्रकाश, सौम्या अजय चौहान, शिवम यादव ने किरदारों को बखूबी निभाया। एसआरएमएस के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति और शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।